# करों में हिस्सेदारी घटने से उम्मीदों को लगा झटका

- हिस्सेदारी 7.87 फीसदी से घटाकर की 7.35
- सिंहस्थ पैकेज का दबाव बनाएगी सरकार

## केंद्रीय करों में राज्य सरकार की हिस्सेदारी 10 फीसदी करने की थी मांग

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 2 फरवरी. केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गये वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट से राज्य सरकार की उम्मीदों को झटका लगा है. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के साथ प्री बजट बैठक में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जो बड़ी मांगें रखी थी, वह पूरी होती नहीं दिख रही है. ऐसे में अब वित्त विभाग को मप्र के बजट को रि-डिजाइन करने की नौबत आ सकती है.**

सबसे बड़ी बात ये कि केंद्रीय करों में मप्र के हिस्से को लगभग आधा फीसदी से भी अधिक घटा दिया गया है. वैसे तो मप्र ने केंद्रीय करों में मप्र की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 10 फीसदी करने की मांग केंद्र सरकार से की थी, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक जो हिस्सा मिल रहा था, उसे भी कम कर 7.34 फीसदी कर दिया है. वहीं अब तक उसे 7.86 फीसदी तक हिस्सा मिल रहा था. इसका असर मप्र के बजट भी देखने मिल सकता है. अब तक राज्य सरकार प्राय: इस संबंध में बड़े दावे करती रही है कि केंद्रीय करों से मप्र को ठीक-ठाक हिस्सेदारी मिलती रही है, लेकिन हिस्सेदारी कम होने से वित्त विभाग के अफसरों ने भी चुप्पी साध ली है और प्रदेश के नये



बजट में नई व्यवस्था बनाने की कवायद में लग गए हैं. मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही 2300 करोड़ रुपए केंद्रीय करों से कम मिलेंगे, वहीं नये वित्तीय वर्ष से मप्र को प्रतिवर्ष कम से कम 7 हजार करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान झेलना पड़ेगा.

**अब सिंहस्थ के लिए अलग से फंड की मांग करेगी राज्य सरकार:** मप्र सरकार ने सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर उज्जैन में चल रहे विकास कार्यों के लिये 20 हजार करोड़ रुपए की पैकेज जारी करने की मांग केंद्र सरकार से की थी. प्रदेश के उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने प्री बजट मीटिंग में केंद्रीय वित्त मंत्री के सामने ये मांग सबसे प्रमुखता से की थी, लेकिन केंद्रीय बजट में पैकेज के लिये कोई प्रावधान नहीं किया गया. इससे भी सरकार की उम्मीदों को झटका लगा है. यदि केंद्र से पैकेज नहीं मिला तो फिर इसका नतीजा ये होगा कि अब सभी निर्माण कार्य राज्य सरकार को अपने संसाधन से करना होगा. राज्य सरका का दावा है कि सिंहस्थ के लिए उज्जैन में 20 हजार करोड़ रुपए के कामों को पहले ही मंजूर कर दिया गया है और कई काम चल रहे हैं, जिनमें ज्यादातर अधोसंरचना और सुविधाओं से जुड़े हुए हैं. बताया जा रहा है कि अब वित्त विभाग केंद्र से अलग फंड जारी करने की मांग करेगी. इसके लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी जाएगी.

### पूंजीगत मद में बढ़ोतरी का फायदा मिलेगा लेकिन मामूली

केंद्र सरकार ने पूंजीगत मद में बढ़ोतरी की है. इस कारण मप्र को दो हजार करोड़ रुपए अतिरिक्त मिलने की संभावना जताई जा रही है. मप्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 82 हजार 513 करोड़ रूपये का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के पूंजीगत व्यय 67 हजार 441 करोड़ रूपये से 22 प्रतिशत अधिक है. वहीं दूसरी तरफ वीबी-जी रामजी योजना में मप्र की हिस्सेदारी 10 से बढ़कर अब 30 फीसदी हो जाएगी, ऐसे में इस योजना के लिए राज्य सरकार पर पैसों का प्रबंध करना बड़ी चुनौती होगा. जल जीवन मिशन के तहत मप्र के अटके हुए 8 हजार करोड़ रुपए में से कितनी राशि मिलेगी, अभी ये भी तस्वीर साफ नहीं है. लिहाजा ऐसे में मिशन का काम अब मप्र सरकार के भरोसे पर ही चलेगा. यदि ये राशि नहीं मिली तो फिर सरकार का परेशानी बढ़ेगी. इससे मिशन के कामों के लिए भुगतान का संकट खड़ा हो सकता है. केंद्र सरकार की टियर टू और टियर थ्री शहरों के विकास के लिए बड़ी राशि का प्रावधान करने का फायदा ये होगा कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सिंगरौली, रतलाम जैसे शहरों को अधोसंरचना के लिए भरपूर राशि मिल सकेगी.

# मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में छात्र ने की आत्महत्या

**इंदौर. एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में सोमवार को 25 वर्षीय अंतरिक्ष अग्रवाल ने आत्महत्या कर ली. वह 2025 बैच का छात्र था और ग्वालियर का निवासी था. घटना बीआर अंबेडकर हॉस्टल के बी-ब्लॉक की चौथी मंजिल के कमरे नंबर 43 में हुई. रूममेट हर्ष कौशिक ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 5:30 बजे जब वह कॉलेज से हॉस्टल लौटा और दरवाजा खटखटाया, तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला. दोस्तों की मदद से दरवाजा खोला, तो अंतरिक्ष कमरे के भीतर फंदे पर लटका मिला. मामले की जांच जारी है.**



शुरुआती जानकारी के अनुसार उसकी मौत कुछ समय पहले हो चुकी थी. हर्ष कौशिक का कहना है कि अंतरिक्ष पढ़ाई को लेकर तनाव में रहता था. कॉलेज सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को वह कॉलेज भी नहीं आया था. फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है.

# सिंहस्थ कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- शनिवार को दुर्घटना में हुई थी मजदूर की मौत
- कलेक्टर ने सरकारी विभागों ,ठेकेदारों को जारी किए निर्देश
- नाम पते लिखे , बीमा ,आधार कार्ड भी हो

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन। शनिवार को सिक्स लेन निर्माण के अंतर्गत बन रहे फ्लाईओवर से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई थी मजदूर सरिए के जाल पर गिर गया और उसमें फंस गया, नौबत यहां तक आ गई गैस कटर से काटकर उसे निकालना पड़ा ,हालांकि तब तक मजदूर की मौत हो चुकी थी दुर्घटना के बाद कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए कंपनियों से लेकर सरकारी विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं.**

महाकुंभ सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है. कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी निर्माण स्थल पर मजदूरों की सुरक्षा के साथ कोई कोताही नहीं बरती जाए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की



परिकल्पना के अनुसार सिंहस्थ की तैयारियां हो रही हैं और ऐसे में कार्य में लगे प्रत्येक मजदूर की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है.

**मजदूरों की जानकारी जुटाए-** कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों की पूरी जानकारी संकलित की जाए। मजदूर कहां के निवासी हैं, उज्जैन में कहां रह रहे हैं, कितने ठेकेदार और कितने मजदूर कार्यरत हैं, उनके नाम-पते दर्ज किए जाएं. यदि मजदूरों के पास आधार कार्ड उपलब्ध हैं तो उनकी प्रतिलिपि भी रखी जाए. बाहर से आए मजदूरों के गांव, शहर, जिला और राज्य की जानकारी भी संकलित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में परेशानी न हो.

### जान से खिलवाड़ स्वीकार नहीं



नवभारत से चर्चा में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी एजेंसी को साफ शब्दों में कहा है कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित ठेकेदार, पेटी ठेकेदार और निर्माण कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मजदूरों की जान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेकेदारों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि मजदूरों के बीमा सहित अन्य वैधानिक व्यवस्थाएं पूरी की जाएं।

### इन विभागों को किया आगाह

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने नगर निगम, पीएचई, जल संसाधन विभाग, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, उज्जैन विकास प्राधिकरण, ग्रामीण सड़क विकास निगम सहित सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें. मजदूरों को जूते, हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण मौके पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं। ऊंचाई पर कार्य के दौरान नीचे कार्यरत कर्मचारियों और अन्य मजदूरों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए.

### झारखंड के मजदूर की मौत

उल्लेखनीय है कि हाल ही में उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन परियोजना के तहत शांति पैलेस होटल के सामने बन रहे फ्लाईओवर पर झारखंड निवासी मजदूर अशोक की गिरने से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद जिला प्रशासन ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.


### सिंहस्थ की तैयारियों में कोताही न हो

जिला प्रशासन का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार मजदूरों को योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन प्राथमिक उद्देश्य यही है कि किसी भी निर्माण स्थल पर दुर्घटना की नौबत ही न आए. सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज हैं, और इन तैयारियों में लगे हर मजदूर की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है.

# 25 जिलों में अलर्ट | मध्यप्रदेश में मावठे का कहर

## ओलावृष्टि और घने कोहरे से बढ़ी मुश्किलें

**भोपाल,02 फरवरी. मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है और आने वाले तीन दिनों तक मावठे का असर बने रहने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ग्वालियर, रीवा, सागर समेत करीब 25 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही कई इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी भी दी गई है, जिससे ठंड में और इजाफा हो सकता है. कम विजिबिलिटी के कारण जनजीवन और यातायात दोनों प्रभावित हो रहे हैं.**



मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पंजाब और उससे सटे हरियाणा के ऊपर सक्रिय है, जो समुद्र तल से लगभग 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में स्थित है. इसके अलावा मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय पछुआ हवाओं की ट्रफ अब पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा की ओर खिसक चुकी है. इसी क्रम में एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में ट्रफ के रूप में विकसित हुआ है, जो मौसम में बदलाव का कारण बन रहा है. पूर्वोत्तर भारत के ऊपर उपोष्ण पछुआ जेट स्ट्रीम भी काफी प्रभावी बनी हुई है, जिसकी रफ्तार लगभग 240 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई है. मौसम विभाग का कहना है कि 5 फरवरी की रात से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसका असर मध्य प्रदेश के मौसम पर भी पड़ेगा.

मौसम का असर साफ तौर पर देखने को मिला. नीमच और मंदसौर जिलों में तेज आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, जिससे फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है. वहीं ग्वालियर, धार, उज्जैन सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. सुबह और रात के समय घना कोहरा छाने से सड़कों पर वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

# 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया कंप्यूटर ऑपरेटर

**छिंदवाड़ा,02 फरवरी. जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई कर सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र यदुवंशी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ एक नर्सिंग स्टाफ ने लोकायुक्त से शिकायत की थी.**

विभाग में आवेदिका ने रोहना कला से छिंदवाड़ा स्थानांतरण के लिए आवेदन दिया था और कलेक्टर की जनसुनवाई में भी गुहार लगाई थी. आरोप है कि ट्रांसफर कराने के एवज में कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र द्वारा 50 हजार की



मांग की जा रही थी. जिसको लेकर पीड़िता ने शिकायत की और शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से सोमवार की दोपहर में जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी जितेंद्र ने रिश्वत की रकम ली, उसे मौके पर ही तत्काल दबोच लिया. कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है.

# दूषित पानी से एक और मौत, 32 हुई मृतक संख्या

## एक माह से वेंटिलेटर पर थी महिला, तीन मरीज अब भी आईसीयू में

**इंदौर,02 फरवरी. भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैल रही बीमारी ने एक और जान ले ली. 65 वर्षीय अनिता कुशवाह का रविवार रात को बॉम्बे हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया. अनिता पिछले एक महीने से अधिक समय से गंभीर रूप से बीमार थीं और लंबे समय तक वेंटिलेटर पर रहीं. इस मामले में अब तक मरने वालों की संख्या 32 हो गई है.**

बेटे नीलेश ने बताया कि उनकी माँ को पहले कोई गंभीर बीमारी नहीं थी. 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त के कारण वे भाग्यश्री हॉस्पिटल में भर्ती हुई थीं. दो दिन बाद घर लौटाई गईं, लेकिन कुछ



ही घंटों में हालत बिगड़ने पर 1 जनवरी को अरबिंदो हॉस्पिटल में फिर एडमिट करवाया, इसके बाद 4 जनवरी को उन्हें इलाज के लिए बॉम्बे हॉस्पिटल शिफ्ट करवाया, लेकिन किडनी फेल होने और कार्डियक अरेस्ट के चलते उनका जीवन बचाया नहीं जा सका.

### 450 से ज्यादा मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि शासन की ओर से हायर सेंटर में इलाज कराया, लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका. भागीरथपुरा दूषित पानी मामले में अब तक 450 से ज्यादा मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं. फिलहाल तीन मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से दो की हालत आईसीयू में काफी गंभीर बताई जा रही है.

# दो बाइक की भिड़ंत में दो की मौत

**शहडोल.** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में दो बाइक की आपस की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई. जयसिंहनगर पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंधिया गाँव के पास कल रात दो बाइक आमने - सामने भिड़ गईं. दोनों के चालकों की मौत हो गई. अन्य चार लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है. पुलिस के अनुसार लपरी मेला जाते और आते हुए दोनों बाइक के चालक विनय सिंह और लवकुश अहिरवार की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे भारती सिंह और उमा सिंह, सरमन और मायाराम को अस्पताल में भर्ती किया गया है.

# बाईक और बस की टक्कर में बाईक सवार की मौत

**निवाली ( नवभारत ).** नगर से 6 की मि दूर ग्राम मोगरी खेड़ा एवं बुधगाव के बीच में बाइक एवं बस की जोर दार भिड़त में मौके पर हुवे बाईक सवार की मौत सेंधवा खेतिया स्टेट हाइवे पर मोटर साइकिल एवं राजमंदिर बस की भिड़त में मोटर सायकल सवार की मौके पर मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमंदिर बस एवं दो पहिया वाहन की भिड़त इतनी जोरदार थी कि दो पहिया वाहन के दो टुकड़े हो गए एवं दो पहिया वाहन चालक की मौके पर मौत हो गई वहीं लोगों ने इस हादसे को देख रोष में चक्का



जाम कर दिया वही मौके पर लोगो की भीड़ बढ़ रही है. खबर लिखे जाने तक डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ था.

# नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों में होगा पौधारोपण

## राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में मंत्री पटेल ने दिए निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 फरवरी.** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आश्रय स्थलों पर व्यापक पौधारोपण करने के निर्देश दिये हैं. पटेल सोमवार को जीवनदायिनी मां नर्मदा के जल को निर्मल बनाए रखने, उनके प्रवाह को अविरल सुनिश्चित करने तथा नर्मदा से जुड़े समग्र विकास कार्यों के संबंध में राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे.



मंत्री पटेल ने अधिकारियों को परिक्रमा पथ पर प्रस्तावित पुल, पुलिया एवं ब्रिज के सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कर सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये. बैठक में विधानसभा से संबंधित लंबित प्रकरणों की विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई.

पटेल ने सभी लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जनहित से जुड़े विषयों का शीघ्र समाधान हो सके. बैठक में मां नर्मदा के संरक्षण एवं विकास को जनभागीदारी से जोड़ने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया.

IDBI BANK आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838
**वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आईडीबीआई बैंक की साधारण बीमा पॉलिसियों के प्लेसमेंट के लिए बीमा कंपनियों के पूर्व-योग्यता हेतु टेंडर नोटिस**
वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बैंक की साधारण बीमा पॉलिसियों के प्लेसमेंट के लिए बीमा कंपनियों की पूर्व-योग्यता हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट **www.idbi.bank.in - Notices & Tenders** देखें या 022-66263630 / 66552700 पर संपर्क करें. **आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी 2026 दोपहर 3:30 बजे से पहले है.** उपरोक्त के संबंध में आगे कोई भी शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट पर रखा जाएगा और समाचार पत्रों में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी.
हस्ताक्षर/-
**तारीख: 03 फरवरी, 2026** उप महाप्रबंधक (प्रशासन)

संगठन | जीतू पटवारी ने कांग्रेस सचिव के साथ जिलेवार एवं विधानसभा स्तरीय समीक्षा की

# खजुराहो में एमपी कांग्रेस की संगठनात्मक बैठकें

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल/खजुराहो, 2 फरवरी. सागर संभाग में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव रणविजय सिंह लोचव के साथ खजुराहो में जिलेवार एवं विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित कीं।**

इन बैठकों में सागर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह और छतरपुर जिलों की जिला समन्वय समितियों के सदस्य,



नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष तथा विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। बैठकों का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना, नए पदाधिकारियों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराना तथा पार्टी कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक अनुशासन, स्पष्ट दिशा और नई ऊर्जा का संचार करना रहा।

सागर जिले की बीना, खुरई, सुरखी, देवरी, रहली, नरयावली, सागर और बंडा विधानसभा क्षेत्रों की विधानसभा स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। इसी तरह दमोह जिले की दमोह, पथरिया, हटा और जबेरा, टीकमगढ़ जिले की टीकमगढ़, जतारा और खरगापुर, निवाड़ी जिले की निवाड़ी और पृथ्वीपुर तथा पन्ना जिले की पवई, गुन्नौर और पन्ना विधानसभा क्षेत्रों की बैठकें संपन्न हुईं। छतरपुर जिले की छतरपुर, राजनगर, चंदला, नौगांव और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्रों की भी बैठकें खजुराहो में हुईं.

बैठकों को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज है और पार्टी गांव-गांव तक संगठन को मजबूत कर भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट संघर्ष करेगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से समर्पण के साथ कार्य करने और जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। एआईसीसी सचिव रणविजय सिंह लोचव ने संगठन की एकता और अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि उच्च नेतृत्व के निर्देशानुसार पार्टी जमीनी स्तर पर लगातार मजबूत हो रही है और इसके सकारात्मक परिणाम शीघ्र सामने आएंगे। ये बैठकें कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत आयोजित की गई।

### पेज एक का शेष

## राहुल के बयान पर संसद में बवाल

सदन में बहस कानूनों के हिसाब से होनी चाहिए.

राहुल ने किसी की नहीं सुनी : स्पीकर और मंत्रियों की आपत्तियों के बावजूद राहुल गांधी अपने बयान पर कायम रहे. उन्होंने किताब को 100 फीसदी ऑथेंटिक बताया. उन्होंने यह भी कहा कि इसमें ऐसा क्या है, जो उन्हें इतना डरा रहा है? अगर वे डरे हुए नहीं हैं, तो मुझे इसे पढ़ने की इजाजत मिलनी चाहिए.

लोकसभा कल तक के लिए स्थगित: भारी हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही को मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है.

**MAHASAMRUDDHI RENEWABLE ENERGY LIMITED, SPV of MAHARASHTRA STATE ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(GOVERNMENT OF MAHARASHTRA UNDERTAKING)**
MSRDC | MAHARASHTRA SAMRUDDHI MAHAMARG
**Office:** Kohinoor Square ,21st floor, Central Tower, N.C. Kelkar Marg, Ram Ganesh Gadkari Chowk, Shivaji Park, Dadar (W), Mumbai-400028, Maharashtra State, INDIA.
**Ph. No.:** 022-265 17910/966 **Email:** eamsrdc@gmail.com & cgmenv@msrdc.in
**Website:** www.msrdc.in **E-Tender Portal:** https://mahatenders.gov.in

**NOTICE INVITING E- TENDER**

**Date: 03.02.2026**

The Maharashtra State Road Development Corporation ("MSRDC"), through its Special Purpose Vehicle (SPV) named Mahasamruddhi Renewable Energy Limited invites online bids for Appointment of EPC Contractor for Design, Engineering, Supply, Installation, Erection, Testing & Commissioning and Comprehensive O & M for 7 Years of Cumulative ***44 MWac*** Ground Mounted Solar PV Power Plants at various locations along Hindu HrudaySamrat Balasaheb Thackeray Maharashtra Samruddhi Mahamarg for power requirement for Green Projects at various highways which are under control of MSRDC on PPA basis as per details below:

- RFP document can be viewed/downloaded from e-tendering portal **https://mahatenders.gov.in** from **03.02.2026 from 1100 hrs. to 20.03.2026 (upto 15.00 hrs. IST)**
- Cost of RFP document is Rs. 50000 + GST which can be paid through SBI payment gateway which can be accessed through **https://mahatenders.gov.in.**
- Last date of submission of RFP is **20.03.2026 (upto 1500 hours IST).**
- Pre-bid meeting will be held on **18.02.2026 at 1400 hrs.**
- Right to accept or reject any or all the RFP without assigning any reason whatsoever is reserved with MREL.

**Director**
**Mahasamruddhi Renewable Energy Ltd., Mumbai**

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**